# श्री गुरु गणेश सेवा समिति की एक सभा आयोजित





**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** डबल रोड स्थित बेंगलूरु कैफे में शनिवार शाम को श्री गुरु गणेश सेवा समिति की एक सभा आयोजित की गई। सभा का मंगलाचरण गौतमचंद ओस्तवाल ने किया। उसके बाद 51000 के दानदाता जिन्होंने समिति में गौशाला के लिए दिया, का सम्मान किया गया। अशोक नाग-ोरी ने समिति की गतिविधियां बताई और समिति का परिचय दिया। उसके पश्चात समिति के चेयरमैन गौतम चंद धारीवाल ने संचालन किया और सभी अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। सभा में गत 17 नवंबर को साधु साध्वियों की निश्रा में महावीर धर्मशाला में आयोजित 145वीं गुरु गणेश लाल जी की जयंती की सफलता पर आभार जताया गया। महेंद्र मुणोत (सेंट्रल संघ मंत्री) व समस्त पदाधिकारियों का भी समिति द्वारा कार्यक्रम स्थल एवं विभिन्न सहयोग प्रदान करने के लिए आभार ज्ञापित किया गया। दानवीर जिन शासन सेवा रत्न रणजीत मल कानूंगा को समिति की ओर से सम्मानित किया गया। कुछ कारणवश वे सभा में पहुंच नहीं पाए इसलिए उनका यह सम्मान पत्र उनके भाई ललित कानूंगा को सौंपा गया। महेंद्र मुणोत ने सभा को उनका सम्मान पत्र पढ़कर सुनाया और समिति के प्रति अपने विचार रखे। युवा रत्न ललित कानूंगा को समिति की ओर से उनकी दान की भावना को देखते हुए उन्हें समाज गौरव से सम्मानित किया गया। उनका भी सम्मान पत्र महेंद्र मुणोत ने पढ़कर सुनाया। सभा में डॉक्टर नरपत सोलंकी, धीरेंद्र कुमार धीर, मो-क्षद्वार गौतम चंद ओस्तवाल, अशोक नागोरी, अशोक परिहार एवं अन्य का शॉल माला एवं मोमेंटो से सम्मान किया गया। सभा के पश्चात भोजन की व्यवस्था रखी गई। ललित कानूंगा और इंद्रजीत नाहर ने गौशाला हेतु दान की घोषणा की। दिलीप सुर-ाणा द्वारा अन्न दानम के लिए राशि घोषित की गई। इस मौके पर डॉ नरपत सोलंकी, इंद्रजीत नाहर (बीजेपी) मनोहर लाल लुंकड़, हस्तीमल बाफना, ललित कानूंगा, अनिल चोपड़ा, अनिल बाफना, आशीष बाफना, महावीर चंद मुथा, शांतिलाल लुणावत, अनिल पोकरणा, बातु सर, कोषाध्यक्ष मनोहरलाल बाफना, अध्यक्ष किरनचंद बोहरा, महामंत्री उगमराज चोपड़ा, उपाध्यक्ष अशोकचंद कोठारी, सह मंत्री महेंद्र मेहता, श्रेयांश मरलेचा, सुनील तातेड़, दिलीप सुराणा, रमेशचंद सुराणा, विजयराज चूतर, किशोर दलाल, नेमीचंद दलाल, उत्तमचंद मुथा, रत्नचंद सिंघवी, राजू आंचलिया, नरेंद्र दूदेडिया, विनोद चौरडिया, अजीत डूंगरवाल, पदमचंद चोपड़ा, मंजूनाथ राव, महावीर चंद धारीवाल, अरविंद धारीवाल, कृष चौरडिया, दर्श धारीवाल, रमेश चोपड़ा, सुनील लोढ़ा, शांतिलाल भंडारी, राजेश कातरेला, गौतम चंद ओस्तवाल, धीरेंद्र धीर, विनोद गुलेछा, प्रफुल्ल कोठारी, महेंद्र मुणोत (मार्गदर्शक) प्रकाश चंद ओस्तवाल (मार्गदर्शक), अंकित आच्छा, राकेश दलाल आदि उपस्थित थे।

# व्रतों से ही जीवन की सार्थकता: डॉ. वरुणमुनि




**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ राजाजीनगर के तत्वावधान में उप प्रवर्तक पंकजमुनि के सानिध्य में आयोजित रविवारीय सामायिक साधना के अवसर पर डॉ. वरुणमुनि ने कहा कि चातुर्मास के पश्चात साधु का विहार स्वाभाविक क्रिया है। संत का आना और जाना दोनों ही मंगल होते है। जिस प्रकार बहता पानी शुद्ध रहता है और एक जगह रुक जाये तो सड़ जाता है। उसी प्रकार संत एक जगह नहीं रुकते निरंतर विहार करते रहते है। जिससे उनका चारित्र निर्मल हुआ करता है। यदि साधु एक ही स्थान पर ठहर जाए तो उसके मन में मोह और आसक्ति के भाव पैदा होने की संभावना बन सकती है। उन्होंने कहा व्रतों का जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है। व्रतों से ही जीवन की सार्थकता है। प्रत्येक व्यक्ति को किसी न किसी रूप में व्रतों का पालन करना चाहिए। साधारण व्यक्ति भी इनका पालन करके अपने जीवन का कल्याण कर सकता है। उन्होंने कहा कि सभी श्रावक श्राविका धर्मसंघ की यथा अपेक्षित सेवा में तन-मन से समर्पित रहते हुए इस धर्मसंघ को ओर अधिक तेजस्वी बनाने में अपना योगदान देते रहे। संघ को संगठित बनाये रखे। इस अवसर पर गुरुदेव की प्रेरणा से प्रति माह आयोजित अन्नदानम कार्यक्रम में द्वितीय आयोजन के लाभार्थी चेतनकुमार रेदासनी परिवार रहे। अन्नदानम आयोजन में राज-ाजीनगर युवा, ब्राह्मी कन्या मंडल व अन्य का सहयोग रहा। गुरुवार को गुरुभगवंतों का विहार उगमराज लुणावत के निवास स्थान पर होगा। पूर्व में रुपेशमुनि ने गुर आरती की प्रस्तुति दी और अंत में मंगलपाठ पंकजमुनि ने प्रदान किया। अध्यक्ष प्रकाश चाणोदिया ने आभार ज्ञापित किया और संचालन संघ मंत्री नेमीचंद दलाल ने किया।

# मुनिरत्न के खिलाफ हत्या की साजिश रचने और महिला का अपमान करने का नया मामला दर्ज



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** भाजपा विधायक मुनिरत्न और छह अन्य के खिलाफ एक पूर्व जेडी (एस) बृहत बेंगलूरु महानगर पालिका (बीबीएमपी) ठेकेदार और उसके पति की हत्या की योजना बनाने के आरोप में एक नया मामला दर्ज किया गया है, जिसमें अन्य अपराधों के तहत एक महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाना और ताक-झांक करना शामिल है। बेंगलूरु पुलिस ने शनिवार को मुनिरत्न, सुनंदम्मा, वेंकटेश, लक्ष्मम्मा, जयम्मा, लता और अन्य के खिलाफ प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज की है। उन्हें इस साल 14 सितंबर को बेंगलूरु पुलिस ने बीबीएमपी ठेकेदार को कथित रूप से धमकाने के आरोप में हिरासत में लिया था। कोलार के पुलिस अधीक्षक (एसपी) बी निखिल के अनुसार, विधायक को कोलार पुलिस की मदद से बेंगलूरु पुलिस ने उस समय हिरासत में लिया जब वह आंध्र प्रदेश जा रहे थे। मुनिरत्न और विजय कुमार, सुधाकर, किरण कुमार, लोहित गौड़ा, मंजूनाथ और लोकी सहित छह अन्य के खिलाफ आईपीसी की धाराओं 354 ए (यौन उत्पीड़न), 354 सी (चुपके से देखना), 376 (बलात्कार), 506 (आपराधिक धमकी), 504 (शांति भंग करने के इरादे से जानबूझकर अपमान करना) समेत अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। मुनिरत्न को पहले कथित उत्पीड़न और धमकी के मामलों में गिरफ्तार किया गया था और जमानत पर रिहा किया गया था। भाजपा विधायक और तीन अन्य लोगों पर आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। ठेकेदार ने आरोप लगाया कि विधायक ने एक अनुबंध के सिलसिले में करीब 20 लाख रुपये का कमीशन मांगा और उन्होंने 1 लाख रुपये की पेशकश की, लेकिन मुनिरत्न ने पूरी रकम पर जोर दिया।

# डेटिंग ऐप के जरिए ऑनलाइन धोखाधड़ी में व्यक्ति को 7.3 लाख का नुकसान




**मेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** एक व्यक्ति को डेटिंग ऐप पर मिले एक अजनबी ने बहकाकर 7.3 लाख रुपये की ठगी कर ली। जानकारी के अनुसार, खुद को इरा पांडे बताने वाली एक महिला ने डेटिंग ऐप पर शिकायतकर्ता से संपर्क किया। समय के साथ, उसने उसे वैध स्प्रेडएक्स प्लेटफॉर्म जैसी दिखने वाली एक वेबसाइट के माध्यम से पैसा निवेश करने के लिए राजी किया। इरा ने शिकायतकर्ता को एक धोखाधड़ी वाला लिंक दिया जो आधिकारिक साइट की नकल करता था, और उसने चरणों में निवेश करना शुरू कर दिया। शिकायतकर्ता ने शुरू में 8.5 लाख रुपये का निवेश किया और 1.2 लाख रुपये निकालने में कामयाब रहा। हालांकि, जब उसने शेष 7.3 लाख रुपये निकालने का प्रयास किया, तो इरा ने निकासी प्रक्रिया से पहले 30 प्रतिशत कर भुगतान की मांग की। यह महसूस करते हुए कि उसके साथ धोखाधड़ी हुई है, शिकायतकर्ता ने तुरंत पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं।

# प्रेक्षाध्यान कार्यशाला का आयोजन



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** अखिल भारतीय महिला मंडल के तत्वावधान में टी. दासरहल्ली तेरापंथ महिला मंडल द्वारा स्वस्थ परिवार- स्वस्थ समाज के अन्तर्गत प्रेक्षाध्यान कार्यशाला का आयोजन स्थानीय तेरापंथ सभा भवन में किया गया। अध्यक्ष नेहा चावत ने सभी का स्वागत अभिनंदन करते हुए आभार व्यक्त किया। मुख्य अतिथि प्रेक्षा प्रशिक्षक ट्रेनर शिल्पी भंडारी की उपस्थिति रही। मंडल की बहनों द्वारा कार्यक्रम की शुरुआत नमस्कार महामंत्र के साथ हुआ। तत्पश्चात प्रेक्षा गीत का सामूहिक संगान किया गया। शिल्पी भंडारी ने प्रेक्षाध्यान के विषय में विस्तार से अर्थ के साथ उसका इतिहास बताया। 13 केंद्र की जानकारी देकर नमस्कार मुद्रा केंद्र पर करवाया गया। दीर्घ श्वास प्रेक्षा, कायोत्सर्ग और उसके साथ अनुप्रेक्षा करना सिखाया। निवर्तमान अध्यक्ष रेखा मेहर ने भी अपनी भावाभिव्यक्ति दी। मंत्री नम्रता पितलिया ने कुशल संचालन किया। इस कार्यशाला में उपाध्यक्ष संगीता बोहरा, संगठन मंत्री सरोज मारू, मंडल संयोजिका सुनीता बोहरा, कार्यकारिणी सदस्य विमला पितलिया, सुनीता भटेवरा, रेखा बोहरा, कंचन बाई मारू एवं अन्य समाज की महिलाएं भी मौजूद थी।

# मातृ मृत्यु के आंकड़े छिपा रही राज्य सरकार: करंदलाजे



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** केंद्रीय मंत्री शोभा करंदलाजे ने शनिवार को कर्नाटक में सिद्धरामैया के नेतृत्व वाली सरकार पर बल्लारी जिले में मातृ मृत्यु के वास्तविक आंकड़े छिपाने का आरोप लगाया। इस दौरान करंदलाजे ने कर्नाटक के स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडू राव के खिलाफ जांच और कार्रवाई की मांग की। केंद्रीय मंत्री करंदलाजे ने कहा कि केवल एक सप्ताह में बल्लारी जिला अस्पताल में चार महिलाओं की मौत हो गई। विजयनगर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, बल्लारी (वीआईएमएस) में एक और महिला की जान चली गई। केंद्रीय मंत्री ने पीड़ित परिवारों के लिए मुआवजे की मांग की। केंद्रीय मंत्री ने आरोप लगाया कि सिद्धरामैया सरकार आंकड़े छिपा रही है। उन्होंने कहा कि सीजेरियन ऑपरेशन के बाद जो ग्लूकोज दिया गया, वह नकली था और उस पर प्रतिबंध लगा हुआ था। इसके बावजूद वह ग्लूकोज दिया गया, जिसके कारण महिलाओं की मौत हुई। इसकी तुरंत जांच होनी चाहिए और मंत्री राव के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। राज्य स्वास्थ्य मंत्री राव ने पहले दिन कहा था कि इस चिंता के बीच कि बल्लारी जिले में हाल ही में हुई मातृ मृत्यु को घटिया रिंगर लैक्टेट समाधान से जोड़ा जा सकता है, एहतियात के तौर पर सभी सरकारी अस्पतालों में इसका उपयोग निलंबित कर दिया गया है। केंद्रीय मंत्री करंदलाजे ने पूछा कि केवल तीन-चार जिलों में लगभग 30 महिलाओं और 111 बच्चों की मौत हुई है, तो पूरे राज्य में कितनी मौतें हुई होंगी? स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सीजेरियन ऑपरेशन के बाद 9 से 11 नवंबर के बीच बल्लारी जिला अस्पताल में मातृ मृत्यु में अचानक वृद्धि हुई है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, इस अवधि के दौरान की गई 34 सीजेरियन प्रक्रियाओं में से, सात रोगियों को जटिलताओं का अनुभव हुआ, जिसमें गंभीर गुर्दे की चोट के कारण डायलिसिस की आवश्यकता और बहु-अंग की शिथिलता शामिल थी। प्रभावित मरीजों में से चार की मौत हो गई, जबकि दो को छुट्टी दे दी गई और एक का वर्तमान में बल्लारी के वीआईएमएस में इलाज चल रहा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई थी। वह भी छिपाई गई। उन्होंने आरोप लगाया कि हर अस्पताल में समस्याएं हैं, भ्रष्टाचार है, कर्मचारियों की कमी है और दवाएं नहीं हैं। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने राज्य सरकार को निर्दयी और क्रूर बताया और पूछा कि पश्चिम बंगा फार्मास्युटिकल लिमिटेड किसकी है। उससे दवाएं क्यों खरीदी जा रही थीं? किसको इनकी आपूर्ति की गई थी। कितने जिलों को ये दवाएं आपूर्ति की गईं और प्रत्येक जिले में कितनी मौतें हुई हैं। केंद्रीय मंत्री ने आगे आरोप लगाया कि जिला स्वास्थ्य अधिकारियों को महिलाओं और बच्चों की मौत की सही संख्या छिपाने का निर्देश दिया गया है।

# सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत



**बल्लारी/शुभ लाभ ब्यूरो।** जिले में एक कार के पेड़ से टकराने से हुई दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई। यह घटना उस समय हुई जब वे बेंगलूरु अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से पड़ोसी राज्य आंध्र प्रदेश के अनंतपुर से होते हुए बल्लारी लौट रहे थे। पुलिस ने बताया कि रविवार सुबह आंध्र प्रदेश की सीमा से लगे जिले में एक कार के पेड़ से टकरा जाने से तीन लोगों की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कार में सवार एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। उन्होंने बताया कि सुबह 4 बजे चालक ने कार पर से नियंत्रण खो दिया और कार पेड़ से टकरा गई। आगे की जांच पड़ताल जारी है।

# वृद्धाश्रम में सेवा कार्य



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** राजस्थानी मित्र मंडल विजयनगर द्वारा मानव सेवा कार्य के अंतर्गत रविवार को विजयनगर स्थित श्री महालक्ष्मी ओल्ड ऐज होम में अल्पाहार की व्यवस्था की गई। अध्यक्ष महेंद्र टेबा ने सभी का स्वागत करते हुए सभी वृद्ध आश्रम के सदस्यों की कुशलक्षेम पूछते हुए उनके स्वस्थ जीवन के प्रति ने मंगलकामना की। सेवा कार्य के सहयोगी सेजल, कैलाश, प्रकाश गांधी परिवार रहे। मंडल की ओर से मंत्री कैलाश बोहरा व महिला मंडल से दीपिका मांडोत की उपस्तित रही। संयोजक पारस मेहता ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# साध्वी के दर्शन वंदन का लिया लाभ



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** श्री जिन कुशल सूरी जैन दादावाड़ी ट्रस्ट बसवनगुड़ी के अध्यक्ष तेजराज मालानी ने होसपेट में विराजित पूज्य साध्वी सूर्यप्रभा श्री जी की सुशिष्या श्री हर्षपूर्णा जी के दर्शन वन्दन किए और उनकी निश्रा में आराधना भवन में आयोजित पार्श्व पद्मावती महापूजन में भी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थिति प्रदान की। ट्रस्ट के ललित डाकलिया ने बताया कि दादावाड़ी ट्रस्ट बेंगलूरु के अध्यक्ष ने नित्य पाठ नामक पु-स्तिका का विमोचन भी किया। साथ में होस्पेट से समाज रत्न बाबूलाल पालरेचा, दीपचंद तातेड़, महेन्द्र पालरेचा आदि कई गणमान्य सदस्य उपस्थित थे।

# बीबीएमपी में रिकॉर्ड संपत्ति कर संग्रह



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** बीबीएमपी ने इस बार संपत्ति कर वसूल कर इतिहास रचा है। अधिकारियों ने जानकारी दी है कि बीबीएमपी में शनिवार तक 4284 करोड़ रुपये का संपत्ति कर एकत्र किया गया है। बीबीएमपी के मुख्य आयुक्त तुषार गिरिनाथ ने कहा कि मार्च महीने तक संपत्ति कर संग्रह की अनुमति है और उस समय तक कर संग्रह के लिए 5200 करोड़ रुपये का लक्ष्य रखा गया है। संपत्ति कर संग्रह के साथ, बीबीएमपी शहर के सभी नागरिकों को ई-खाता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

यदि कोई दस्तावेज हो तो यतनाल तत्काल करें जारी

# किसी को भी भाजपा कार्यकर्ताओं को अपमानित करने का काम नहीं करना चाहिए: विजयेंद्र

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और विधायक बी.वाई.विजयेंद्र ने पुरजोर अनुरोध किया है कि किसी को भी भाजपा कार्यकर्ताओं को अपमानित करने का काम नहीं करना चाहिए। शहर में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि वह पूर्व केंद्रीय मंत्री बसनगौड़ा पाटिल यतनाल से अनुरोध करेंगे कि मेरे खिलाफ कोई भी दस्ता-वेज बिना एक पल की देरी के जारी करें। किसी को भी मीडिया के सामने पार्टी का अनादर करने वाली बात नहीं करनी चाहिए। हमारा व्यवहार एवं वक्तव्य संगठन के पूरक होने चाहिए न कि संगठन को परेशान करने वाले कार्य करने चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी और को ऐसा नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा विजयेंद्र को बदलने की कोशिश करने दीजिए। आइए अधिक से अधिक लोगों को शामिल करें। उस पर कोई आपत्ति नहीं। राज्य में संगठन को किस दिशा में जाना है, इसे लेकर पार्टी नेता स्पष्ट हैं। उन्होंने कहा कि उनके आसपास के लोग विजयेंद्र को लेकर दुखी नहीं हैं। विजयेंद्र ने कहा कि पिछले 3-4 महीनों में हम सत्ताधारी पार्टी को बांधने में कामयाब हुए हैं। हमने वाल्मीकि निगम घोटाला, मुडा घोटाला के खिलाफ लड़ाई में मुख्यमंत्रियों को बांधने का काम सफलतापूर्वक किया है। प्रदेश की जनता कांग्रेस सरकार को भ्रष्ट बता रही है। इस बीच, हमारे कुछ नेता निजी हित को ध्यान में रखते हुए राज्य को देखने वाले कद्दावर नेता, किसान नेता येदियुरप्पा के बारे में खुलकर



बात कर रहे हैं। कुछ अन्य लोग यतनाल के कंधे पर बंदूक रखकर गोली मारने की कोशिश कर रहे हैं। यह पार्टी के लिए अच्छा संकेत नहीं है। उपचुनाव के नतीजों के बाद राज्य के कार्यकर्ताओं को काफी नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि उन्हें इस बात को समझना होगा और एकजुट होकर सत्ता पक्ष का मुकाबला करना होगा। कांग्रेस पार्टी ने 3 उपचुनाव जीते। वक्फ को लेकर फ्रीडम पार्क में पूर्व में हुई लड़ाई में विश्व ओक्कालिगारा महासंस्थान मठ के परमपूज्य चन्द्रशेखरनाथ महास्वामीजी द्वारा बोले गए कुछ मुद्दों को लेकर राज्य सरकार ने एफआईआर दर्ज कराई है। स्वामी जी ने माफी भी मांगी है। उस संघर्ष और बैठक में मैंने भी हिस्सा लिया था। उनके बयान को गंभीरता से लेना और स्वामीजी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करना निश्चित रूप से सही नहीं है। स्वामी जी के कथन की पृष्ठभूमि भी समझनी चाहिए। राज्य सरकार न सिर्फ विपक्ष के खिलाफ बल्कि इस सरकार के खिलाफ बोलने वालों, धार्मिक लोगों के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज कर परेशान कर रही है। उन्होंने कहा कि यह इस सरकार के लिए अच्छा नहीं होगा। उन्होंने कहा कि शनिवार को एक पत्रकार ने मुझसे पूछा कि वह अनुभव की कमी की बात करते हैं। मैं इस बात से सहमत हूं कि मेरे पास उनके जितना अनुभव नहीं हो सकता। लेकिन मेरी मंशा सही है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं में इच्छा है कि जो लोग सड़क पर उतरकर पार्टी संगठन में बाधा डाल रहे हैं, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। मैं यह नहीं कह रहा हूं कि मेरे नेतृत्व को बदलाव की अपील नहीं करनी चाहिए। लेकिन अपील कहाँ और किसके समक्ष की जानी चाहिए यह पता होना चाहिए? मेरा उद्देश्य पार्टी का प्रभावी ढंग से नेतृत्व करना है। प्रदेश में संगठन का पर्व चल रहा है। 75 लाख से अधिक सदस्य पंजीकृत हैं। बूथ समिति द्वारा सक्रिय सदस्यों के पंजीकरण की कार्यवाही की जा रही है। इस संबंध में मैंने पार्टी नेताओं से मुलाकात की है। मैंने 3 विधानसभा क्षेत्रों के उप-चुनावों में असफलताओं के बारे में चर्चा की है। उन्होंने सवाल का जवाब देते हुए कहा कि उन्होंने राज्य की राजनीतिक स्थिति पर चर्चा की।

### 2 दिसंबर को पूछताछ के लिए पेश होने को कहा

इससे पहले कुमार चंद्रशेखरनाथ स्वामी की मुसलमानों को मताधिकार से वंचित करने की मांग को लेकर कर्नाटक में राजनीतिक माहौल गरमा गया है, वहीं कर्नाटक पुलिस ने शनिवार को वोक्कालिगा संत को समन जारी कर 2 दिसंबर को पूछताछ के लिए पेश होने को कहा है। गुरु को समन ऐसे समय में भेजा गया है जब भाजपा ने चेतावनी दी है कि अगर शक्तिशाली वोक्कालिगा संत को मुसलमानों को मताधिकार से वंचित करने की मांग करने वाले उनके बयान के लिए परेशान किया गया तो उन्हें परिणाम भुगतने होंगे। गुरु के खिलाफ पहले एफआईआर दर्ज करने वाली उपरपेट पुलिस ने उन्हें 2 दिसंबर को सुबह 11 बजे पेश होने को कहा है। इस कदम से भाजपा और राज्य की कांग्रेस सरकार के बीच विवाद और टकराव की संभावना है। कर्नाटक पुलिस ने भारत में मुसलमानों को मताधिकार से वंचित करने की मांग करने वाली उनकी विवादास्पद टिप्पणी के लिए शुक्रवार को स्वामी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की, इस संबंध में सैयद अब्बास नामक व्यक्ति द्वारा दर्ज कराई गई पुलिस शिकायत पर। स्वामी विश्व वोक्कालिगरा महासंघ मठ के प्रमुख हैं और यह बयान मंगलवार को बेंगलूरु में भारतीय किसान संघ द्वारा आयोजित एक विरोध प्रदर्शन में दिया गया, जो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़ा एक किसान संगठन है, जिसका उद्देश्य किसानों को वक्फ बोर्ड द्वारा दिए गए नोटिस की निंदा करना है। स्वामी ने कहा राजनेता वोट बैंक की राजनीति और मुसलमानों के तुष्टीकरण में लिप्त हैं। इसलिए, मुसलमानों को उनके मतदान के अधिकार का प्रयोग करने से वंचित किया जाना चाहिए।

पंचमसाली लिंगायत संत का दावा

# सिद्धरामैया के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार समुदाय के नेताओं को धमका रही है

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

2ए श्रेणी के तहत आरक्षण की मांग को लेकर आंदोलन का नेतृत्व कर रहे कुडलसंगम पंचमसाली पीठ के महंत बसवराज जय मृत्युंजय स्वामी ने आरोप लगाया है कि आरक्षण के लिए आंदोलन को दबाने के लिए कर्नाटक में मुख्यमंत्री सिद्धरामैया के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार द्वारा समुदाय के नेताओं को धमकाया जा रहा है। पत्रकारों से बात करते हुए महंत ने चेतावनी दी कि अगर कुछ भी गलत हुआ तो राज्य में रक्त क्रांति होगी। उन्होंने कहा पंचमसाली लिंगायत समुदाय के लिए 2ए श्रेणी के लिए आंदोलन की पृष्ठभूमि में, हमें सीएम सिद्धरामैया के नेतृत्व वाली सरकार के तहत धमकाया जा रहा है। चार दिनों से तालुक इकाई अध्यक्षों और जिला अध्यक्षों को धमकाया जा रहा है। अगर कुछ भी गलत हुआ, तो खूनी क्रांति होने वाली है। उन्होंने कहा हमने पूर्व सीएम बसवराज बोम्मई के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के कार्यकाल के दौरान आंदोलन किया था। हमने बोम्मई के आवास के सामने विरोध प्रदर्शन किया था। हमारे खिलाफ कोई मामला दर्ज नहीं किया गया।



लेकिन, सीएम सिद्धरामैया के नेतृत्व वाली सरकार के तहत हमें धमकाया जा रहा है। संत ने आगे कहा कि अगर इन धमकी भरे कॉल में कांग्रेस विधायकों की संलिप्तता पाई जाती है, तो उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। कांग्रेस सरकार को लोगों की भावनाओं के साथ नहीं खेलना चाहिए। जब भाजपा की सरकार थी, तो वे हमारे पास आते थे और सीएम हमसे मिलने आते थे। हालांकि, अब हमें विधायकों और सीएम के पास जाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। हमने कांग्रेस पार्टी के समुदाय के विधायकों को न बुलाने का फैसला किया है क्योंकि यह उनके लिए अच्छा नहीं है। उन्होंने कहा पिछली भाजपा सरकार ने उचित तरीके से आरक्षण कोटा नहीं दिया। वर्तमान सरकार ने कुछ नहीं किया। सीएम सिद्धरामैया ने शिष्टाचार के लिए भी हमसे बात नहीं की। इससे पहले, भाजपा सरकार के तहत सीएम ने हमसे दो घंटे तक बात की थी। लेकिन उन्होंने कोटा देने के लिए प्रतिबद्धता नहीं दिखाई। सीएम सिद्धरामैया और डिप्टी सीएम डी.के. शिवकुमार ने मिलने का समय भी नहीं दिया। अब हम सुवर्ण विधान सौधा की घेराबंदी करने के लिए तैयार हैं। मैं समुदाय के सदस्यों से अपील करता हूं कि वे किसी भी बयान से विचलित न हों। उन्होंने कहा आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए सभी को आंदोलन में हिस्सा लेना चाहिए। यह पूछे जाने पर कि क्या उनकी राजनीति में प्रवेश करने की योजना है, संत ने कहा कि उन्हें राजनीति में कोई दिलचस्पी नहीं है। मैं राजा नहीं बनूंगा, मैं राजा बनाने वाला बनूंगा। संत बसवराज जय मृत्युंजय स्वामी ने पहले चेतावनी दी थी कि वे 5,000 ट्रैक्टरों के साथ कर्नाटक विधानसभा की घेराबंदी करने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने पंचमसाली लिंगायतों को आरक्षण प्रदान करने की मांग पर मुख्यमंत्री सिद्धरामैया द्वारा कोई प्रतिक्रिया नहीं दिए जाने पर नाखुशी भी जताई।

# सरकार ने सरकारी वकीलों की भर्ती में एससी/एसटी के लिए आरक्षण का दिया आदेश

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

राज्य सरकार ने सरकारी वकीलों की नियुक्ति करते समय अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के वकीलों के लिए कुल 24 प्रतिशत आरक्षण देने का आदेश दिया है। समाज कल्याण विभाग ने अनुसूचित जाति के अधिवक्ताओं के लिए 17 प्रतिशत आरक्षण और अनुसूचित जनजाति के अधिवक्ताओं के लिए 7 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने का आदेश जारी किया है। यह आदेश समाज कल्याण विभाग के आयुक्त द्वारा सरकारी वकीलों की नियुक्ति करते समय एससी/एसटी वकीलों के लिए कुल 24 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने के लिए प्रस्तुत प्रस्ताव की पृष्ठभूमि में जारी किया गया है।

# संक्रांति के बाद पार्टी को करेंगे मजबूत: कुमारस्वामी

**रामनगर/शुभ लाभ ब्यूरो।**

केंद्रीय भारी उद्योग और इस्पात मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने कहा है कि वह अगली संक्रांति से पार्टी संगठन को गति देंगे। चन्नपट्टना विधानसभा क्षेत्र के जेडीएस कार्यकर्ताओं की धन्यवाद बैठक में बोलते हुए उन्होंने कहा कि जेडीएस युवा इकाई के प्रदेश अध्यक्ष निखिल कुमारस्वामी को राज्य में पार्टी को और मजबूत बनानी चाहिए। चूंकि मैं केंद्र में मंत्री हूं, इसलिए अब पार्टी संगठन की जिम्मेदारी निखिल पर है। इस क्षेत्र की जनता ने पार्टी को 87 हजार वोट दिये हैं। कार्यकर्ताओं ने हिम्मत नहीं हारी। हम अगले आम चुनाव में कांग्रेस को करारा जवाब देंगे। हमारी पार्टी के विधायकों और पूर्व विधायकों ने स्मार्ट चुनाव किया है। उन्हें भविष्य में इस पार्टी को सत्ता में लाने का



भरोसा है। उन्होंने कहा कि निखिल के नेतृत्व में हम पूरे राज्य में पार्टी को संगठित करेंगे। पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के परिवार को छोड़ दिया जाए तो एक तरफ उनके पाले हुए प्रशंसक हैं, तो दूसरी तरफ भगवान की कृपा है। वे हमें टूरिंग टॉकीज कहते हैं। उन्होंने कहा कि किन्हीं दो जिलों में खड़े होने और जीतने की ताकत सिर्फ जेडीएस में है। इस उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी ने कैसा ड्रामा किया है? अगले आम चुनाव में जनता उन्हें सबक सिखाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता आज भी देवेगौड़ा और कुमारस्वामी से डरते हैं। मैं उन लोगों को जवाब दूंगा जिन्होंने कहा कि मैंने जेडीएस को रामनगर से खाली कर दिया है। अगले चुनाव में, जद (एस) रामनगर जिले की चार में से चार सीटें जीतेगी। इतनी आसानी से जिले से खाली नहीं किया जा सकता। मेरी, निखिल की राजनीति यहीं शुरू होती है और यहीं खत्म होती है। मंत्री ने कसम खाई कि अगले चुनाव में उसी चन्नपट्टना में 25 हजार लीड आएंगे।

केंगल हनुमंतैया को दी श्रद्धांजलि

# आजादी के बाद दूसरे मुख्यमंत्री रहे केंगल हनुमंतैया का प्रशासन हर जगह अनुकरणीय: सीएम

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

मुख्यमंत्री सिद्धरामैया ने कहा कि चंद्रशेखर स्वामीजी के खिलाफ दर्ज मामले में कानूनी कार्रवाई की जा रही है। अन्यथा कानूनी दायरे में अनुमति मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। विधान सौधा में केंगल हनुमंतैया की प्रतिमा पर माला चढ़ाने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा एचडी कुमारस्वामी मेरे खिलाफ झूठे आरोप लगा रहे हैं। मैंने जेडीएस पार्टी नहीं छोड़ी। मुझे पार्टी से निकाल दिया गया। उन्होंने कहा कि अब हासन में सम्मेलन आयोजित करने का उद्देश्य पूरे राज्य की जनता का आभार व्यक्त करना है। कांग्रेस पार्टी और स्वाभिमानी संगठन संयुक्ताश्रय में कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं।



कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला को आमंत्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि पार्टी सम्मेलन में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही है। जब मुझे पहले जेडीएस पार्टी से निकाला गया तो मुझे क्या करना चाहिए था? विरोध करने के लिए अहिन्दा को संगठित होना पड़ा। हम ही लोग हैं जिन्होंने धर्मनिरपेक्ष जनता दल पार्टी का गठन किया। अब सांप्रदायिकतावादियों से जुड़ने के बाद क्या जेडीएस धर्मनिरपेक्ष रह गई है? सामाजिक न्याय और धर्मनिरपेक्षता को संविधान में शामिल किया गया है। सुप्रीम कोर्ट की राय थी कि संविधान में धर्मनिरपेक्षता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जेडीएस में अब कुछ नहीं बचा है। जब जेडीएस पार्टी बनी तो कुमारस्वामी वहां नहीं थे। इसलिए उन्हें इसकी पृष्ठभूमि नहीं पता। मैंने, देवेगौड़ा, सतीश जारकीहोली, एचसी महादेवप्पा, सीएम इब्राहिम, वेंकटेश, लक्ष्मी सागर ने पार्टी बनाई। उन्होंने बताया कि देवेगौड़ा राष्ट्रीय अध्यक्ष थे और मैं प्रदेश अध्यक्ष था। आजादी के बाद दूसरे मुख्यमंत्री रहे केंगल हनुमंतैया का प्रशासन हर जगह अनुकरणीय और आदर्श था। आज उनके पुण्यतिथि का दिन है। जब से मैं मुख्यमंत्री बना हूं तब से उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करता आ रहा हूं। केंगल हनुमंतय्या एक कुशल शासक थे। सुभिक्षा ने मुख्यमंत्री और केन्द्र में मंत्री पद पर शासन किया। उन्होंने कहा कि उन्होंने विधान सौधा का निर्माण किया और लिखा कि सरकार का काम भगवान का काम है। यह मानते हुए कि सभी कन्नड़ भाषियों को एक प्रशासनिक प्रणाली में होना चाहिए, उन्होंने एकीकरण के लिए अथक प्रयास किया। नेहरू के साथ अच्छे संबंध बनाने के लिए जब नेहरू प्रधानमंत्री थे तब केंगल हनुमंतैया ने मुख्यमंत्री के रूप में काम किया और देश और देश के विकास के लिए मिलकर काम किया। उन्होंने कहा कि हम उनके बताये रास्ते पर चलेंगे।

# फरवरी तक तालुक, जिला पंचायत और शहरी स्थानीय निकायों के चुनाव कराने की तैयारी: शिवकुमार

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

केपीसीसी अध्यक्ष और उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने कहा कि अगले फरवरी तक तालुक पंचायत, जिला पंचायत और शहरी स्थानीय निकायों के चुनाव कराने की तैयारी की जा रही है। केपीसीसी कार्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि हाल की कैबिनेट बैठक में इस मामले पर चर्चा हुई थी। मतदाता सूची भी तैयार की जा रही है। चुनाव रोका नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि फरवरी में मतदान की संभावना है। कैबिनेट पुनर्गठन की कोई चर्चा नहीं है। इसकी कोई जरूरत नहीं है। कैबिनेट में केवल एक ही रिक्ति है। बेलगावी सत्र के बाद इसके



भरने के बारे में चर्चा की जा रही है। उन्होंने कहा कि फिलहाल मंत्रीमंडल का कोई पुनर्गठन नहीं होगा। राज्य सरकार के मंत्रियों के कामकाज पर नजर रखने के लिए हाईकमान के पास अपना सिस्टम है। उन्होंने कहा मुझे इस पर रिपोर्ट करने की जरूरत नहीं है। कांग्रेस पार्टी का इतिहास बहुत पुराना है। हमारी सरकार द्वारा लागू की गई गारंटी योजनाओं को काफी सराहा गया है। इसके लिए मुख्यमंत्री सिद्धरामैया को बधाई देने के लिए संगठन आगे आए हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें प्रोत्साहित करने और समर्थन देने के लिए कांग्रेस पार्टी के बैनर तले एक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के पीछे राजनीतिक मकसद स्पष्ट है। उन्होंने कहा कि जिला पंचायत और तालुक पंचायत चुनाव की तैयारी स्वाभाविक है। जब कुमारस्वामी के मुख्यमंत्री रहने के दौरान आदि चुंचनगिरी महासंस्थान के अध्यक्ष रहे श्री बालगंगाधरनाथ स्वामीजी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था, तो निर्मलानंदनाथ स्वामीजी का फोन टैप होने पर न तो भाजपा के आर.अशोक और न ही अन्य नेताओं ने आवाज उठाई। इस मामले पर सीबीआई की रिपोर्ट आई है। अब भाजपा इस बात पर राजनीति कर रही है कि विश्व ओक्कलिगा महा संस्थान मठ के श्री कुमार चन्द्रशेखरनाथ स्वामीजी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। आर.अशोक बीड़ी में आग लगाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने ऐसी राजनीति छोड़ने की मांग की। कृपया कोई भी स्वामीजी संविधान और अधिकारों के बारे में बात न करें। उन्होंने कहा कि वह अनुरोध करेंगे कि जातियों के मुद्दे पर कोई चर्चा नहीं होनी चाहिए। कानून से बड़ा कोई नहीं है। पिछली भाजपा सरकार में केपीसीसी कार्यालय में रहे लड़कों पर भी मामला दर्ज किया गया था। इससे पहले उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी का सम्मेलन हासन में आयोजित करने की योजना है और केपीसीसी कार्यालय में बैठक में इस संबंध में चर्चा की गई। कांग्रेस पार्टी का एक बड़ा इतिहास है, लोग हमारे लोगों के कार्यक्रमों की सराहना करते हैं। चन्नपट्टना, शिग्गांव और संदूर निर्वाचन क्षेत्रों के उपचुनाव में लोगों ने हमारी पार्टी को जीत दिलाई है। लोग हमारे कार्यक्रमों का समर्थन करने और उन्हें बधाई देने के लिए आगे आए हैं। इसलिए यह सम्मेलन महत्वपूर्ण है। हमें हर जगह इस सम्मेलन का आयोजन करने और अपनी गारंटी के बारे में जानकारी देने की जरूरत है। इसके अलावा, महात्मा गांधी के नेतृत्व में बेल-गावी कांग्रेस अधिवेशन के 100 साल पूरे होने के मद्देनजर, हमने शताब्दी समारोह की भी योजना बनाई है। इसलिए सोमवार को एक और बैठक में इस बारे में चर्चा होगी।

फेंगल तूफान का असर

# राज्य भर में अलगे तीन दिनों तक बारिश की संभावना

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

बंगाल की खाड़ी में चक्रवात फेंगल के प्रभाव के कारण राज्य में बादल छाए हुए हैं और शनिवार से शुरू हुई बारिश के अगले तीन दिनों तक जारी रहने की उम्मीद है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के बेंगलूरु क्षेत्रीय केंद्र के निदेशक सी.एस.पाटिल ने कहा कि तूफान के प्रभाव के कारण दिन में भी ठंडी मेलई हवा और बारिश की बौछारें बढ़ गई हैं। राजधानी बेंगलूरु सहित दक्षिणी अंतर्देशीय और तटीय जिलों में हल्की से मध्यम बारिश होने का अनुमान है। तूफान पुद्दुचेरी, कड्डलुर, तमिलनाडु के पास स्थित था, जिससे राज्य के दक्षिणी अंदरूनी इलाकों में तीन दिनों तक हल्की से मध्यम बारिश होगी। तट के कई हिस्सों में बारिश की संभावना है। उन्होंने कहा कि उत्तरी अंदरूनी हिस्सों में छिटपुट स्थानों पर हल्की बारिश की उम्मीद है। चामराजनगर, मांड्या, मैसूरु, कोडागु, हासन, चिक्कबल्लापुर, शिवमोग्गा, कोलार, जिसमें दक्षिणी अंतर्देशीय और तटीय जिले शामिल हैं, में अलर्ट घोषित किया गया है। सोमवार को इस क्षेत्र में भारी बारिश की आशंका है। तूफान के कारण तमिलनाडु के तटीय जिलों में भारी बारिश हो रही है। लेकिन इसका सीधा असर राज्य पर उतना नहीं पड़ रहा है। कुछ स्थानों पर मध्यम बारिश हो सकती है। छिटपुट बारिश जारी रहेगी।

# वीडियो जारी कर सांसद पप्पू यादव को एक बार फिर दी धमकी

## लॉरेंस से माफी मांगने की मांग

**पटना/एजेंसियां।**

पूर्णिया सांसद पप्पू यादव को इस बार खुलेआम धमकी मिली है। धमकी देने वाले ने वीडियो जारी कर पांच से छह दिनों में सांसद की हत्या का दावा किया है। वीडियो जारी कर युवक ने कहा कि लॉरेंस बिश्नोई गैंग, पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव का कत्ल अगले पांच से छह दिनों में करने जा रहा है। वीडियो व्हाट्सएप नंबर (7480840395) से सांसद को भेजा गया है। इसमें धमकी देने वाले ने कहा है कि पप्पू यादव को मारने को ऑर्डर मिला है। हम लोग बहुत जल्द पप्पू यादव की हत्या कर देंगे। हम लोग पटना पहुंच चुके हैं। धमकी देने वाले ने यह भी कहा कि अगर सांसद पप्पू यादव लॉरेंस बिश्नोई से मांफी मांग लेते हैं तो हमलोग उन्हें छोड़ देंगे। बार-बार बोला जा रहा है कि माफी मांग लीजिए। अगर माफी मांग लेंगे तो हमलोग पटना से वापस चले जाएंगे। इससे पहले शुक्रवार को भी उन्हें आखिरी 24 घंटे तक मजा करने की महौलत दी थी। धमकी में लिखा गया था कि 'आखिरी 24 घंटे हैं पप्पू यादव तेरे पास। एक धमाके का वीडियो भी व्हाट्सऐप पर पप्पू यादव को भेजा गया था। इसके बाद धमकी देने वाले ने पप्पू यादव को लिखा था कि गार्ड भी तुम्हें नहीं बचा पाएंगे। इतना ही नहीं धमकी देने वाले ने खुद को लॉरेंस बिश्नोई गैंग का सदस्य बताते हुए सात सेकेंड का धमाके से जुड़ा एक वीडियो भी सांसद के मोबाइल नंबर पर भेजा था। इस मैसेज के बाद से पूर्णिया में सांसद के आवास की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पप्पू यादव फिलहाल पूर्णिया में ही हैं। सिक्योरिटी मशीन से चेकिंग के बाद ही किसी को भी अंदर जाने की अनुमति दी जा रही है। इधर, धमकी मिलने के बाद सांसद पप्पू यादव ने कहा कि मैं धमकियों के बावजूद लोगों से मिल रहा हूं। मैं देश के लोकतंत्र को बचाने के लिए हर बार मरने को तैयार हूं। देश को बांटने वाली ताकतों से बचाने के मैं किसी भी कीमत पर नहीं डरने वाला। मैं लड़ने और मरने वाला हूं।



# सड़क हादसे में व्यक्ति की मौत

**बेगूसराय/एजेंसियां।**

जिले के साहेबपुर कमाल थानाक्षेत्र में तेज रफ्तार का कहर एक बार फिर देखने को मिला। जीरो माइल के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने टेंपो में जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक, मृतक की पहचान धीरज कुमार के रूप में हुई है।

वह साहेबपुर कमाल थानाक्षेत्र के शालिग्राम वार्ड-7 के निवासी था। धीरज खगड़िया से काम खत्म कर टेंपो से अपने गांव लौट रहा था। जीरो माइल के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने टेंपो को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि धीरज की मौके पर ही मौत हो गई। टेंपो में सवार अन्य पांच लोग गंभीर रूप से घायल हुए। स्थानीय लोगों ने तुरंत घायलों को अस्प-ताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज चल रहा है। धीरज की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही साहेबपुर कमाल थाना पुलिस मौके पर पहुंची। फिर शव को पोस्टमार्टम के लिए बेगूसराय सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है और घटना की जांच शुरू कर दी है। प्राथमिक जांच में हादसे का कारण ट्रक की तेज रफ्तार बताया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने इस घटना पर आक्रोश जताते हुए सड़क पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने और ट्रैफिक नियमों के सख्त पालन की मांग की है। वे आए दिन हो रहे सड़क हादसों के लिए प्रशासन को जिम्मेदार ठहराते हुए ठोस कदम उठाने की मांग कर रहे हैं।




# युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**मुजफ्फरपुर/एजेंसियां।**

जिले में पत्नी के भाई की शादी में शामिल होने आए एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक का शव घर से कुछ दूरी पर पेड़ से लटका मिला। घटना कुढ़नी थानाक्षेत्र के बाजितपुर गांव की है। मृतक की पहचान उमेश पासवान (29) के रूप में हुई है, जो पूर्वी चंपारण के राजेपुर, बखरी का निवासी था। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए मृतक की पत्नी पर साजिश का संदेह जताया है। परिजनों के अनुसार, उमेश अपने साले की शादी में शामिल होने के लिए 25 नवंबर को ससुराल आया था। शादी की रस्मों के बाद वह ससुराल में ही रुक गया। देर रात स्थानीय पुलिस ने फोन कर उमेश की मौत की सूचना दी। उसका शव घर से लगभग 100 मीटर की दूरी पर पेड़ से लटका हुआ पाया गया।

परिजनों ने बताया कि इतनी बड़ी घटना के बावजूद ससुराल वालों ने कोई सूचना नहीं दी, जिससे उनका संदेह और बढ़ गया। मृतक के पिता ने बताया कि उमेश और उसकी पत्नी के बीच अक्सर झगड़े होते थे। उनका आरोप है कि इन झगड़ों के कारण ही उनकी बहू ने साजिश रचकर उमेश की हत्या करवाई है। पिता का कहना है कि पुलिस से मिली सूचना से पहले ससुराल वालों ने परिवार को कुछ नहीं बताया। परिजनों ने कहा कि उमेश की शादी को 10 साल हो चुके हैं और उसके तीन छोटे बच्चे हैं। बेटे की मौत से हमारा पूरा परिवार टूट गया है।

कुढ़नी थाना प्रभारी रवि प्रकाश ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है। उन्होंने बताया कि शव पेड़ से लटका हुआ मिला था। शुरुआती जांच में पता चला है कि मृतक अपनी पत्नी की विदाई न होने से नाराज था। इस कारण उसने आत्महत्या की हो सकती है। एसएचओ ने कहा कि शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा गया है।

# दर्दनाक हादसे में दो बहनों समेत चार बच्चियों की मौत

**बक्सर/एजेंसियां।**

जिले के राजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सरेंजा गांव में रविवार को हृदय विदारक घटना देखने को मिला। जहां खेल रहे बच्चियों पर भरभरा कर मिट्टी का टीला गिर गया।

इसमें चार बच्चियों की मौत हो गयी। वहीं एक लड़की गंभीर रूप से जख्मी है, जिसका इलाज चल रहा है। बताया जा रहा है कि सरेंजा गांव स्थित राजकीय बुनियादी विद्यालय के पास पुराने मिट्टी के टीला था, जिसके नीचे पांच बच्चियां मिट्टी काट रही थी। इसी दौरान टीला भरभरा कर गिर गया। इसमें दबकर चार बच्चियों की दर्दनाक मौत हो गई। वहां मौजूद अन्य बच्चियों द्वारा हल्ला किया गया तो आसपास के लो-गों ने पहुंच कर मलबा हटाकर सभी को बाहर निकाला और हॉस्पिटल पहुंचाया। जहां 4 बच्चियों की मौत को पुष्टि कर दी गई। वहीं एक बच्ची का इलाज चल रहा है। मौके पर राजपुर थाना पहुंच घटना की जांच में जुट गयी है। वहीं जिला प्रशासन ने घटना की जांच के आदेश दिए हैं।



बताया गया की मिट्टी का टीला बहुत पुराना था, जिसके नीचे लागातार मिट्टी खुदाई करने से वह खतरनाक हो गया था। आज भी 5 बच्चियां मिट्टी लाने के लिए गई थी। मृत बच्चियों में 2 सगी बहनें थी।

परिजनों से मिली जानकारी अनुसार मृत बच्चियों में नयनतारा कुमारी 11 वर्ष, शालिनी कुमारी 8, पिता श्याम नारायण गांव सरेजा, शिवानी कुमारी, 6 पिता रमेश राम, संजू कुमारी 11 पिता टिंकू राम बताया जा रहा है। वहीं घायल बच्ची करिश्मा पिता रामचंद्र 10 वर्ष घायल है। ग्रामीणों के अनुसार बच्चियां में घर की सफाई और लिपाई पुताई के लिए मिट्टी लेने गई थी। इसी दौरान हादसा हुआ। घटना के बाद गांव में मातम पसरा है। मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। राजपुर थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि चौसा बीडीओ और सीओ से वार्ता हुयी है। मामले की जांच चल रही है। प्रशासनिक प्रावधान के अनुसार परिजनों को मुआवजा दिया जायेगा।

# सरकारी अस्पताल में जच्चा-बच्चा की मौत पर हंगामा

**पूर्णिया/एजेंसियां।**

जिले में सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में प्रसव के दौरान जच्चा और बच्चा दोनों की मौत हो गई। इसके बाद गुस्साए परिजनों ने अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा और प्रदर्शन किया। मृतका की पहचान रंगपुरा निवासी आफताब आलम की पत्नी रोजी खातून (30) के रूप में हुई है, जो मूल रूप से कटिहार की रहने वाली थी।

इस घटना के बाद अस्पताल परिसर में अफरातफरी मच गई। रोजी खातून के परिजनों ने डॉक्टरों पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया। उनका कहना है कि रोजी को शुक्रवार को प्रसव पीड़ा के चलते अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पूरी रात दर्द से तड़पने के बावजूद उसे समय पर चिकित्सा सुविधा नहीं मिली। परिजनों के अनुसार, देर दोपहर ऑपरेशन के लिए उसे ले जाया गया, लेकिन ऑपरेशन के तुरंत बाद डॉक्टरों ने जच्चा-बच्चा की मौत की सूचना दे दी। परिजनों का आरोप है कि रोजी और बच्चा दोनों स्वस्थ थे और मौत का कारण डॉक्टरों की लापरवाही है। जच्चा-बच्चा की मौत की खबर सुनते ही गुस्साए परिजनों ने अस्पताल के प्रसूति वार्ड और ओपीडी के बाहर जमकर हंगामा किया।

स्थिति बिगड़ने पर अस्पताल प्रशासन ने सुरक्षा के लिए दर्जनों गार्ड बुलाए और लेबर रूम का मुख्य द्वार बंद कर दिया। लगभग एक घंटे तक हंगामे के बाद गार्डों और प्रशासनिक अधिकारियों ने परिजनों को शांत कराया। हंगामे के बाद भी परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया और शव को अपने साथ ले गए।



इस दौरान परिजनों में गहरा आक्रोश और शोक का माहौल था। अस्पताल के अधीक्षक डॉ. संजय कुमार ने घटना पर दुख जताते हुए कहा कि मरीज की स्थिति पहले से ही गंभीर थी। डॉक्टरों ने जच्चा और बच्चा दोनों को बचाने की पूरी कोशिश की, लेकिन स्थिति को नियंत्रण में लाना संभव नहीं हो सका।

घटना के बाद मृतका के परिजन और स्थानीय लोग जांच की मांग कर रहे हैं। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल में प्रसव से संबंधित सुविधाओं और देखभाल में घोर लापरवाही बरती गई। यह घटना स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और अस्पताल प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है।

# पैक्स अध्यक्ष पर हमले के बाद सुरक्षा की मांग तेज

**पटना/एजेंसियां।**

बिहारशरीफ के मेघी नगमा पंचायत में हाल ही में हुए पैक्स चुनाव में विजयी पैक्स अध्यक्ष शिवचरण प्रसाद पर हुए जानलेवा हमले ने राजनीतिक और सामाजिक हलकों में हलचल मचा दी है। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के जिला अध्यक्ष सोनू कुशवाहा ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए पीड़ित परिवार के लिए सुरक्षा की मांग की है।

जानकारी के मुताबिक, पैक्स अध्यक्ष शिवचरण प्रसाद को जीत के कुछ ही घंटों बाद बुधवार रात बदमाशों ने गोली मार दी। गोली उनके पैर में लगी और उनका इलाज पावापुरी मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। इस घटना के बाद दीपनगर निवासी राजद नेता विजय गोप सहित छह नामजद और 25 अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। विजय गोप को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जा चुका है।



राष्ट्रीय लोक मोर्चा के नेता सोनू कुशवाहा ने आरोप लगाया कि घटना के पीछे राजद नेताओं की साजिश है। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से शिवचरण प्रसाद और उनके परिवार को सुरक्षा देने की अपील की। साथ ही उन्होंने कहा कि दबंगों द्वारा केस वापस लेने की धमकी दी जा रही है, जिससे परिवार खौफ के साए में जी रहा है। उन्होंने प्रशासन से स्पीडी ट्रायल के जरिए आरोपियों को जल्द से जल्द सजा दिलाने की मांग की, ताकि क्षेत्र में भय का माहौल खत्म हो। इस घटना ने कुशवाहा समाज में भी आक्रोश पैदा कर दिया है। सोनू कुशवाहा ने राजद नेता आलोक मेहता और अभय कुशवाहा से हस्तक्षेप करने और पीड़ित को न्याय दिलाने की अपील की है।

दूसरी ओर, विजय गोप की भाभी गीता देवी ने दावा किया कि शिवचरण प्रसाद और उनके समर्थकों ने उनके घर के पास हर्ष फायरिंग की थी। इसी दौरान मची अफरा-तफरी में शिवचरण प्रसाद को गोली लगी।

### नकली बीज एवं खाद की फैक्ट्री का भंडाफोड़

# ब्रांडेड कंपनी के रेपर और नकली सामान मिले

**गया/एजेंसियां।**

गया जिले में नकली बीज एवं खाद बना रहे हैं। जिस फैक्ट्री यह सामान बन रहे थे वहां पुलिस ने छापेमारी की। इस दौरान ब्रांडेड कंपनी के रेपर, नकली खाद और बीज समेत समेत कई सामान मिले हैं।

यह पूरी कार्रवाई शनिवार की देर रात्रि को हुई। मिली जानकारी के मुताबिक वजीरगंज थाना क्षेत्र के गया-राजगीर राष्ट्रीय उच्च मार्ग 82 पर भीण्डस के पास एक गोदाम में छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में गेहूं के नकली बीज, खाद और रासायनिक कीटनाशक दवा बरामद हुए। धावा दल में अनुमंडल कृषि पदाधिकारी सदर एवं अनुमंडल कृषि पदाधिकारी शेरघाटी सहित अन्य पदाधिकारियों ने वजीरगंज थानाध्यक्ष वेंकटेश्वर ओझा एवं पुलिस बल शामिल थे।

श्री राम कंपनी लि गुड़गांव हरियाणा के डीसीएम अमरेंद्र कुमार राकेश ने कहा कि भीण्डस के पास संचालित श्री ज़ीएस एग्रो प्राइवेट लिमिटेड बीज विधायन केंद्र नामक फैक्ट्री में हमारी कंपनी के नकली सामान बेचे जाने की सूचना मिली। इसके बाद वजीरगंज थानाध्यक्ष के नेतृत्व में वजीरगंज प्रखंड के कृषि विभाग के अधिकारियों के सहयोग से छापेमारी की गई तो हमलोग दंग रह गए। हमारी कंपनी के कई नकली सामान बेचे जा रहे थे। जांच में पता चला कि कम्पनी के प्रॉपराइटर हिमांशु मौर्य कुमार भी इस कारोबार में संलिप्त हैं।

छापेमारी के दौरान सैकड़ों बोरे गेहूं के बीज, विभिन्न कंपनियों के गेहूं बीज के रेपर, खाद और कीटनाशक दवा बरामद हुए। श्रीराम कम्पनी के डीसीएम ने बताया कि मेरी कम्पनी के सैकड़ों नकली पैकेट यहां से मिले हैं। इसमें साधारण गेहूं के बीज भरकर उसकी सप्लाई की जा रही थी। फैक्ट्री के अंदर नकली डीएपी खाद का भी निर्माण किया जा रहा था। छापेमारी के दौरान दंडाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्त कृषि विभाग के कुमार योगेश, मुरारी प्रसाद सिन्हा एवं पुलिस बल मौजूद थे।

# थानेदार ने महिला अंचलाधिकारी पर चला दिया थप्पड़

**सीतामढ़ी/एजेंसियां।**

जिले में शराब विनष्टिकरण के दौरान अंचलाधिकारी और थानेदार के बीच विवाद हो गया। विवाद देखते ही देखते दंगल में बदल गया।

मारपीट होने की भी बात सामने आई है। मामला जिले के परिहार थाना का है। थाना परिसर में आज सीओ के नेतृत्व में पकड़े गए शराब का विनष्टिकरण किया जा रहा था। इसी दौरान थानाध्यक्ष राज कुमार गौतम ने शराब विनष्टिकरण को लेकर किसी बात पर एकमत नहीं हुआ। सीओ ने था-नेदार का विरोध किया। इसके बाद थानेदार ने सीओ मोनी कुमारी पर हाथ चला दिया। परिहार थाना में अधिकारियों के बीच हाई वोल्टेज ड्रामा चल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार दोनों के बीच कुछ देर तक हाथापाई हुई। हालांकि, घटना के कारणों का पता नहीं लग सका है। इधर, सीओ द्वारा शिकायत किए जाने के बाद डीएम और एसपी समेत जिले के तमाम बड़े अधिकारी मौके पर पहुंचे। गहराई से जांच की जा रही है। मारपीट की घटना के बाद पहुंचे वरीय अधिकारियों के सामने दोनों एक-दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगा रहे है। हालांकि, वरीय अधिकारी अभी समस्या का हल नहीं कर सके हैं। फिलहाल, डीएम रिची पांडे और एसपी मनोज कुमार तिवारी काफी देर रुकने के बाद वापस लौट गए हैं। इस दौरान मीडिया को कोई जानकारी नहीं दी गई है। कहा गया कि मामले की जांच चल रही है। घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है। उसके बाद ही कुछ स्पष्ट किया जाएगा। फिलहाल, पुपरी एसडीएम और एसडीप-ीओ समेत अन्य अधिकारी मौके पहुंचे और थाना में लगे सीसीटीवी के फुटेज खंगाल रहे हैं। इधर, यह मामला जिले में जंगल की आग के तरह फैल गया है।



